जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती, जनभागीदारी से ही बचेगी धरती : जयंत

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय शिक्षा, कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने शनिवार को राजकीय डूंगर कॉलेज के गांधी वन में संस्था वन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस कार्य को पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित करने वाला बताया। इस अवसर पर उन्होंने पारिवारिक वानिकी पर श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर और फलौदी सहित 6 जिलों के पारिवारिक वानिकी समिति के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के सामने सर्वाधिक गंभीर चुनौती है। आम लोगों की प्रत्यक्ष भागीदारी से ही जलवायु को बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आदिवासियों की परंपरा जलवायु को बचाने का जरिया रही है। सरकार इन परंपराओं को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयत्नशील है। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय डूंगर कॉलेज में खेल सुविधाएं विकसित करने लिए सांसद निधि से 15 लाख रूपए देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कॉलेज द्वारा प्रस्ताव भिजवाने पर सांसद निधि से यह राशि जारी कर दी जायेगी। चौधरी ने कहा कि परिवारिक वानिकी कार्य का नेतृत्व करने वाले डॉ. श्यामसुंदर ज्याणी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन कार्यों को देश के साथ विदेश में भी सराहना मिली है। उन्होंने कहा कि जलवायु संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। विशेष तौर पर युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जोड़ना जरूरी है। इस पहल से पर्यावरण संरक्षित होगा और हर परिवार पौधारोपण के लिए प्रेरित होगा। शिक्षा मंत्री ने मदन दिलावर ने कहा कि जलवायु संरक्षण और धरती के तापमान को नियंत्रित करने का एकमात्र तरीका पौधारोपण ही है। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही हम धरती को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में वृक्ष घनत्व काफी कम है। हर हाथ द्वारा वृक्ष लगाकर ही हम अपनी जिम्मेदारी निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से जन-जन जुड़ा है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में करोड़ों पौधे लगाये गए हैं। इससे पहले चौधरी और दिलावर ने राजकीय डूंगर कॉलेज में विकसित गांधी वन का अवलोकन किया। इस दौरान डॉ. ज्याणी ने इस वन में रोपित पौधों और पारिवारिक वानिकी की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक सुभाष गर्ग, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, भागीरथ मान, बीरबल जाखड सहित अन्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद थे।

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कैप्टन चन्द्र चौधरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कैप्टन चन्द्र चौधरी की वीरांगना शारदा चौधरी उनके पुत्र सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने मेजर पूरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया।

केन्द्रीय शिक्षा, कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी व राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजकीय डूंगर कॉलेज में गांधी वन का अवलोकन किया।

- श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर और फलौदी सहित 6 जिलों के पारिवारिक वानिकी समिति के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया
- कैप्टन चन्द्र चौधरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

सास-बहू अधिवेशन आज

बीकानेर, (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर की निश्रा में रविवार को ढड्ढा चौक के प्रवचन पंडाल में सुबह नौ बजे से करीब 11 बजे तक एक दिवसीय सास-बहू अधिवेशन आयोजित किया जायेगा। अधिवेशन में जैन समाज के तेरापंथ, साधुमार्गी, खरतरगच्छ, तपागच्छ व पार्श्वचंद्र गच्छ के साथ जैनेतर सास-बहुओं को आमंत्रित किया गया है।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि जैनाचार्य पीयूष सागर म.सा. की सोच है कि वक्त परिस्थिति बदलने के साथ सास बहू के रिश्तों में भी परिवर्तन हो रहा है। हृदय को कोमल बनाए बिना, स्वभाव को शीतल बनाए बिना और मन को सरल बनाएं बिना जिंदगी नहीं चलती है। गृहस्थ जीवन में सास बहु रिश्ता अनमोल रिश्ता है, जो परिवार को साक्षात स्वर्ग बनाता है। सास बहु के रिश्ते को आनंद और माधुर्य भरने के लिए यह अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है।

पीयूष सागर सूरिश्वर ने शुक्रवार को ढड्ढा चौक के कोठारी भवन में अनंत लब्धि निधान श्री गुरू गौतम स्वामी की सुरिमंत्र पीठिका की 16 दिवसीय साधना शुरू की। साधना के दौरान वे मौन रहते हुए जप, तप कर रहे है। सूरि मंत्र साधना के दौरान अनेक श्रावक-श्राविकाएं नवकार महामंत्र जाप, एकासना, आयम्बिल आदि साधना कर रहे हैं।

सार-समाचार

मानसिक रोगों की जानकारी दी

डॉ. हरफूल सिंह ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। मानसिक रोग एवं नशामुक्ति विभाग, पी.बी.एम. चिकित्सालय बीकानेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें दो टीमों का गठन किया गया। जिसमें प्रथम टीम में आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह के नेतत्व में सहायक आचार्य डॉ ज्योति चौधरी, सीनियर रेजिडेंट डॉ. भारती मोहनपुरिया व एनएमएचपी से सी.आर.ए. विनोद पंचारिया अकेडमी कोचिंग पहुंचे। द्वितीय टीम सिंथेसिस कोचिंग पहुंचे जिसमें आचार्य डॉ. श्रीगोपाल गोयल के नेतत्व क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अंजू ठकराल, रेजिडेंट डॉ. विशाल राणा व इंटर्न छात्र निशा सारण उपस्थित थे। स्वास्थ्य वार्ता सत्र में कोचिंग विद्यार्थियों को अध्ययन संबंधी तनावों जैसे प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण, समय प्रबंधन, शैक्षणिक दबाव तथा इन समस्याओं से निपटने के तरीकों जैसे उचित शिड्यूल बनाना, समय सीमा और महत्वता के आधार पर कार्यों को प्राथमिकता देना, टालमटोल से बचना इत्यादि पर चर्चा की गई। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पौष्टिक भोजन लेने, जंक फूड और फास्ट फूड को त्यागने समय पर सोने और उठने पर्याप्त नींद, योगा एवं मेडिटेशन करने एवं नियमित शारीरिक व्यायाम करने व नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। कोचिंग स्थल पर अपने दोस्तों व गुरूजनों के साथ निरन्तर संवाद बनाये रखने जरूरत पडने पर उनसे नियमित मार्गदर्शन व काउंसलिंग किये जाने की सलाह दी। बच्चों को घर पर अपने परिजनो के साथ प्रसन्नचित रहने व अपने पढाई के अलावा अन्य रूचियों को भी उचित समय देने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों को अनावश्यक मोबाइल उपयोग से बचने तथा तनाव व डिप्रेशन जैसी अनुभूति होने या आत्महत्या जैसे विचार आने पर उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन लेने की सलाह दी गई।

सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन को ज्ञापन सौंपा।

बीकानेर, (कासं)। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दियाज्ञापन में कहा कि सफाई कर्मचारियो के एन.पी.एस का भुगतान उनके खातों में जमा हो। सफाई कर्मचारियों का जी,पी,एफ का भुगतान खाता नहीं खुलने के कारण उनके अकाउंट में जमा नहीं हो रहा इसलिए उनके जीएफ खाता खुलवाया जाए। सेवानिवृत्ति होने के बाद उनके परिवार को समय पर मिले परी लाभ बकाया पेमेंट व उनकी पेंशन जल्द से जल्द चालू की जाए, सफाई कर्मचारियों के सिवर लाइन में जो सफाई कर्मचारी उतार कर काम करते हैं, उनको सेफ्टी के सभी उपकरण उपलब्ध कराया जाए जिससे उनकी जान बच सके। इस दौरान सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश महासचिव सुनिल चांवरिया, शहर अध्यक्ष साजन जावा, विनोद चांवरिया, तरूण पंडित, विजय पंडित मौजूद थे।

बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम

बीकानेर, (कासं)। ग्राम पंचायत जामसर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत तथा अन्तर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की प्राचेता विजय लक्ष्मी जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में 55 महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। चार बटियों की माताओं व बच्चियों को तिलक लगाकर, चुनरी ओढाकर, माला पहनाकर बेबी किट देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं द्वारा बेटियों के सम्मान में गीत गाये गए। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता की गीता देवी, कार्यकर्ता खनादेवी, कमला देवी व सहायिका लता देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

अर्जुनराम मेघवाल आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल रविवार दोपहर 3 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सायं 7 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। वे देशनोक में राजस्थान कबीर यात्रा में शामिल होंगे। मेघवाल रात्रि विश्राम बीकानेर में ही करेंगे तथा 7 अक्टूबर को कलेक्ट सभागार में प्रात: 11 दिशा कमेटी की बैठक लेंगे।

ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे के लालच में गंवा दी जमा पूंजी

हनुमानगढ़, (कासं)। ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर नौ लाख रूपए से अधिक राशि ठगने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने परिवादी को राहत दिलाते हुए रिफंड कराने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी डीएसपी अरूण कुमार ने बताया कि 29 अगस्त को सरकारी शिक्षक अभिषेक पुत्र पवन कुमार निवासी राजगढ़ जिला चूरू हाल जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि फेसबुक चलाते समय एड आई की ऑनलाइन ट्रेडिंग करो और लाभ कमाओ। जब एड को देखा तो उसके बाद वाट्सअप पर कोटक क्लब इन्वेस्टमेंट नाम के ग्रुप में एड किया गया। उसमें कहा गया कि पैसे का निवेश करो, उस पर लाभ मिलेगा। परिवादी ने अपने चार खातों से कोटक क्लब में जुलाई से अगस्त के बीच अलग तिथि को कुल आठ ट्रांजक्शन के जरिए 19,69,092 रूपए जमा करवा दिए।

बाद में पता लगा कि कोई निवेश वगैरह नहीं कराया गया बल्कि साइबर फ्रॉड किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कांस्टेबल पंकज कुमार व गजराज सिंह को जांच सौंपी। पुलिस ने सर्वप्रथम परिवादी से खाते संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर संबंधित बैंकों के नोडल अधिकारियों से पत्राचार कर ठगी करने वाले का खाता सीज करवाया। उसके खातों में ठगी गई राशि को होल्ड करवा दिया। इसके बाद ठगी गई राशि रिफंड करवाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई कर संबंधित नोडल अधिकारियों से पत्राचार किया। फिर कोर्ट के आदेश पर परिवादी अभिषेक के खाता में 09,49,092 रूपए रिफंड कराए। मामले की जांच जारी है।

साइबर थाना प्रभारी डीएसपी अरूण कुमार ने बताया कि टेलीग्राम व व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर बिटकॉइन, यूएसडीटी, शेयर मार्केट में निवेश कर तीन से पांच गुणा मुनाफा कमाने का लालच देकर निवेश करवाया जाता है। इसमें शुरू में पीड़ित को छोटी-छोटी रकम के बदले बहुत अच्छा लाभ देकर अपने जाल में फंसाया जाता है। फिर ज्यादा निवेश करने पर ठगी कर ली जाती है। अत: इजी मनी के चक्कर में आकर अपनी मेहनत की कमाई को ना गंवाए।

डीएसपी ने बताया कि आपका बैंक खाता अहस्तांतरणीय है। अपना बैंक खाता किसी दूसरे व्यक्ति या फर्म को किराये पर या अन्य तरीके से उपयोग के लिए देना गैर कानूनी है। किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा खाते का उपयोग जुआ, तस्करी, साइबर ठगी, हवाला, आंतकवाद के लिए फंडिंग, विदेशों में फडिंग, गैंगस्टरों द्वारा फिरौती जैसी गैर कानूनी गतिविधियों में धन मुहैया करवाने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। इस पर खाताधारक मनी लॉंड्रिंग, देशद्रोह, तस्करी एवं वित्तीय धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में अपराधी बन सकता है।

- साइबर ठगों ने बनाया निशाना
- साढे नौ लाख रूपये साइबर थाना पुलिस ने रिफंड कराए

महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व पर प्रतियोगिता

बीकानेर, (कासं)। दिवेर विजय महोत्सव के अंतर्गत राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में महाराणा प्रताप के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर संभाग स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में हुआ। इस प्रतियोगिता में संभाग के चारों जिले से कुल 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रारम्भ में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने महाराणा प्रताप को भारतवर्ष का गौरव बताया तथा विद्यार्थियों को स्वाभिमानी व स्वावलम्बी बनने की सीख दी। प्रतियोगिता में संभाग के समस्त प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. केसरमल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के निर्णायक सेवानिवृत विद्वान एवं अनुभवी संकाय सदस्य डॉ. शिशिर शर्मा, विदुषी संकाय सदस्य डॉ. श्यामा अग्रवाल एवं डॉ. बिन्दु भसीन रही। संभाग स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में डूंगर महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी जसोदा सिद्ध ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

'डेंगू के बचाव के लिए मच्छरों को नष्ट करें'

हनुमानगढ़, (कासं)। यदि आपके घर में कूलर या फिर छत पर रखी टंकी में पिछले कई दिनों से पानी भरा है तो उसे तुरंत खाली कर लें। इसके अलावा कहीं पर भी लीकेज से जमा पानी हो रहा है तो उसे भी तुरंत खाली करें। क्योंकि थोड़े से पानी में ही हजारों-लाखों मच्छरों के लार्वा पनप रहे होते हैं।

हम सभी को अपने-अपने घरों का ध्यान रखना होगा। कहीं ऐसा न हो कि कई दिन से भरे बरसाती पानी में मच्छर (लार्वा) पनप रहा हो। क्योंकि यही मच्छर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व जीका वायरस जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बनता है।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मौसम में बदलाव आ रहा है। ऐसे में हमें मच्छर जनित बीमारियों से अपना व अपने परिवार का बचाव करना होगा। उन्होंने कहा कि मच्छर केवल बाहर नहीं होते बल्कि हमारे घर के अंदर ही पैदा हो रहे हैं। हमें अपने घर के अंदर होने वाले भी मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए तैयार रहना होगा ताकि हम इससे होने वाले बीमारियों से बच सकें। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में बदलाव आने के साथ कूलर में जमा पानी मच्छरों का प्रजनन केन्द्र बन रहा है। ऐसे में हमें चाहिए कि हफ्ते में एक बार घरों व दफ्तरों में कूलरों का पानी निकालकर उसे साफ अवश्य करें। कूलर के पैड्स को धूप में सूखाकर रखें। इसके अलावा घरों की छतों पर पड़ी टंकियां, टायर एवं खाली डब्बे जिनमें बारिश का पानी इकट्ठा हुआ है, उसे भी नष्ट कर दें या तो उसमें केरोसिन डाल दें ताकि उसमें मच्छर का लार्वा न पनप सकें।

उन्होंने कहा कि स्नानघर और शौचालयों की नियमित फिनाइल से सफाई करें एवं कहीं पर भी पानी जमा ना होने दें। गीले कपड़ों को स्नान घर में ना सुखाएं।

- मच्छर ही डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व जीका वायरस जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बनता है

प्रसार का जनसंपर्क सम्मान समारोह आज

बीकानेर,(कासं)। पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) का जनसंपर्क सम्मान समारोह रविवार को सायं 4.15 बजे रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित किया जायेगा।

इस दौरान प्रसार की बीकानेर इकाई का घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक बालमुकुंद ओझा को तथा किशन कुमार व्यास स्मृति जनसंपर्क रत्न अवार्ड, पूर्व सहायक निदेशक अमर सिंह चौहान को दिया जायेगा।

प्रसार के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिशंकर आचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम दिनेश चंद्र सक्सेना को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान सक्सेना को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जेठानंद व्यास होंगे। अध्यक्षता महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार राजेंद्र जोशी तथा जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया होंगे।

इस अवसर पर राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार देव किसन राजपुरोहित का विशेष सम्मान किया जायेगा।

मां करणी की दंडवत यात्रा

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर 16 सितम्बर को दंडवत करते हुए देशनोक पहुंचे अनिल धुपड़ सोनी ने शनिवार को करणी माता मंदिर के दर्शन किए।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, करणी मंदिर प्रन्यास के सदस्यों व देशनोक, गंगाशहर, बीकानेर, भीनासर आदि स्थानों के स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने अनिल सोनी का जयकारों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया।दंडवत यात्रा से जुड़े जयकिशन व मोहित रोडा ने बताया कि अनिल धुपड़ ने प्रतिदिन दो किलोमीटर की यात्रा दंडवत करते हुए की। यात्रा के दौरान देवी जागरण, भंडारा, दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन किए गए। देवी की अखंड जोत स्थापित चल मंदिर में पूजा व आरती की गई।

नवम्बर से हर माह बिजली के बिल मिलेंगे

श्रीगंगानगर, (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम से जुड़े जिलों के उपभोक्ताओं को नवम्बर से हर माह बिजली के बिल मिलेंगे। अक्टूबर माह से ऑन-स्पॉट बिलिंग शुरू की जानी थी, लेकिन निगम स्तर पर ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर का काम पूरा नहीं हुआ।

इस कारण एक माह आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसमें मीटर रीडिंग लेने के साथ ही उपभोक्ता को ऑन-स्पॉट पर बिल देने और बिल भुगतान की सुविधा मिलेगी। निगम ने बिल जारी करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। मीटर रीडर के पास हैंडल्ड डिवाइस होगी। जोधपुर डिस्कॉम ने इस संबंध में संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। श्रीगंगानगर-अनूपगढ़ जिले में 4,67,509 विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें 3,83,345 घरेलू उपभोक्ता हैं। जोधपुर डिस्कॉम के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालौर, सिरोही, जैसलमेर तथा नए जिलों में अनूपगढ़, फलौदी और सांचौर को भी में ऑन-स्पॉट बिलिंग में शामिल किया गया है।

ऑन स्पॉट बिलिंग के लिए कंपनी हर उपखंड पर 30 मोबाइल और उतने ही छोटे प्रिंटर मीटर रीडर को उपलब्ध करायेगी ताकि मीटर रीडर ऑनलाइन डेटा फीड कर उपभोक्ता को ऑन स्पॉट बिल उपलब्ध करवा सके। इसमें उपभोक्ता ऐप के माध्यम से मीटर की फोटो ऑनलाइन डालकर और मीटर की रीडिंग भरकर दो बार खुद बिल जारी कर सकेगा। जोधपुर डिस्कॉम के लेखाधिकारी लोकेश बंसल का कहना है कि प्रति माह उपभोक्ता को विद्युत बिल दिया जायेगा। इससे बिलिंग प्रक्रिया जरूर बदल जायेगी लेकिन इससे किसी उपभोक्ता पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा।

श्री गौशाला में बनी टंकी से पानी रिसने से दीवार व विद्युत पोल गिरे, बड़ा हादसा टला

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 21 में स्थित श्री गौशाला की पानी की टंकी अचानक टूट गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

यह घटना सुबह करीब 11.30 बजे हुई। घटना के बाद विद्युत सप्लाई बंद करके नए पोल लगाने का कार्य शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक घटना को 7 घंटे बीतने के बाद भी विद्युत सप्लाई सुचारू नहीं हुई थी। जानकारी के अनुसार गौशाला से वेयर हाउस रोड के साथ गौशाला में एक पानी की टंकी बनी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि पानी की टंकी से पानी रिसता था, जिससे एक तरफ की दीवार कमजोर हो गई। दीवार टंकी के पानी रिसने से एक धमाके के साथ गिर गई। यह धमाका इतना तेज था कि आसपास के सभी लोग चौंक गए।

दीवार गिरते ही इस दीवार के साथ लगा एक विद्युत पोल भी गिर गए। इस दौरान उक्त गली से गुजर रहे मोटरसाइकिल बिहार निवासी चालक सुमित कुमार, नई धान मंडी की ओर जा रहा था। विद्युत पोल के गिरने से करंट की चपेट में आ गया। हालांकि कोई चोट सुमित को नहीं लगी। सुमित ने बताया कि जब पोल गिरा, तो मुझे करंट लगा और मैं दूर जाकर गिर गया। टंकी का पानी गली में फैल गया था, जिससे मुझे करंट का अनुभव हुआ। इसके अलावा एक महिला भी इस घटना में बाल- बाल बची। जब पोल गिरा तो गली की दूसरी तरफ की एक घर की छत पर महिला कपड़े कपड़े सुखा रही थी।

अपूपगढ़ के वार्ड नम्बर-21 में स्थित श्री गौशाला में बनी पानी की टंकी से पानी रिसने से दीवार व विद्युत पोल गिर गए।

- विद्युत पोल गिरने से एक युवक चपेट में आया लेकिन बाल-बाल बचा

महिला ने कहा कि जैसे ही पोल गिरा तो जोरदार धमाका हुआ। पोल की तारें मेरे घर की छत से चिपक गई और मैं उन तारों से केवल 3 फीट की दूरी पर थी। वहीं एक पोल के टूटने के बाद इस पोल से लगते 2 विद्युत पोल और टूट गए। जिससे विद्युत लाइन ट्रिप हो गई। विद्युत निगम के कर्मचारी ने कहा कि घटना के तुरंत बाद ही निगम कार्यालय में किसी राहगीर से सूचना मिल गई थी।

जिस पर विद्युत लाइन बंद कर कार्मिकों को मौका मुआयना के लिए भेजा गया। निगम के कर्मचारी जल्द ही मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। घटना के बाद तीन विद्युत पोल से होने वाली सप्लाई बाधित हो गई।

डीपीसी के लिए बकाया प्रस्ताव तत्काल भिजवाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा निदेशालय स्तर पर शिक्षकों की लम्बित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर के शिष्टमण्डल ने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में शिक्षामंत्री मदन दिलावर से सर्किट हाउस में मिला।

ज्ञापन देकर चर्चा करते हुए द्वितीय श्रेणी से व्याख्याता पदों की डीपीसी हेतु दो वर्षों के प्रस्तावों को राजस्थान लोक सेवा आयोग से अनुमोदन के लिए भिजवाने पर आभार व्यक्त किया तथा शेष रहे प्रस्तावों के साथ अन्य संवर्ग की पदोन्नति हेतु प्रस्ताव तैयार करवाकर जल्दी ही भिजवाने का आग्रह किया।

जिला मंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि वार्ता में पदाधिकारियों ने कमोन्नति उपरान्त विद्यालयों में विषयों एवं पदों की स्वीकृति जारी करवाने, 31 दिसम्बर के पश्चात नियुक्त शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश अवधि का बकाया वेतन देने, एमएसीपी / एसीपी स्वीकृति हेतु एसीआर बार- बार मांगने की प्रवृति पर रोक लगाने तथा सेवा सन्तोषजनक प्रमाण पत्र के आधार पर स्वीकृतियों जारी करवाने, वरीयता एवं आरक्षित सूची में चयनित की रिफशलिंग करवाकर पदस्थापन करवाने, शिक्षक के सम्पूर्ण सेवाकाल में न्यूनतम 3 पदोन्नति देने, शारीरिक शिक्षक पदस्थापन हेतु न्यूनतम छात्र संख्या की अनिवार्यता समाप्त करने, अवकाश एवं विभागीय जांच प्रकरणों का निस्तारण शिविर लगाकर करने की मांग की।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शिष्टमण्डल ने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा।